# द्वितीय आवधिक परीक्षा 2023 24

कक्षा-10 विषय। हिंदी

समय - 1:30घंटे। पूर्णांक 40

प्रश्न 1-निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के अनुसार विकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चयन कीजिए । 1×5=5

किंतु खेती बारी करते , परिवार रखते भी , बालगोबिन भगत साधु थे साधुवाद की सब परिभाषाओं में खरे उतरने वाले । कबीर को साहब मानते थे , उन्हीं के गीतों को गाते, उन्हीं के आदेशों पर चलते । कभी झूठ नहीं बोलते, खरा व्यवहार रखते । किसी से भी दो टूक बात करने में संकोच नहीं करते ,ना किसी से खामखाह झगड़ा मोल लेते । किसी की चीज नहीं छूटे। ना बिना पूछे व्यवहार में लाते । इस नियम को कभी-कभी इतनी बारीकी तक ले जाते की लोगों को कुतूहल होता ! कभी वह दूसरे के खेत में शौच के लिए भी नहीं बैठते । वह गृहस्थ थे लेकिन उनकी सब चीज साहब की थी जो कुछ खेत में पैदा होता, सिर पर लादकर पहले उसे साहब के दरबार में ले जाते जो उनके घर से चार कोष दूर था - एक कबीरपंथी मठ वह दरबार में भेंट रख लिए जाने के बाद प्रसाद रूप में जो उन्हें मिलता, उसे घर लाते और उसी से गुजर चलातें।

प्रश्न - 1-लेखक ने बालगोबिन भगत को साधु क्यों कहा -
क वे साधुओं की वेशभूषा पहनते थे ख। हर समय तपस्या में लीन रहते थे
ग। मोह माया से दूर थे घ साधु की सब परिभाषाओं में खरे उतरते थे।

प्रश्न -2- बाल गोविंद भगत का कौन सा कार्य व्यवहार लोगों के अचरज का विषय था-
क नियमों और सिद्धांतों का गहराई से पालन करना । ख। हर समय कबीर के भजन गाना
ग किसी से झगड़ा मोल ना लेना घ अपना काम स्वयं करना।

प्रश्न 3- बाल गोविंद भगत कबीर के आदर्शों पर चलते थे, क्योंकि-
क कबीर भगवान का रूप थे ख वे कबीर को अपना साहब मानते थे।
ग कबीर उनके गांव के मुखिया थे घ कबीर एक कवि थे ।

प्रश्न 4- भगत अपने खेत की सारी उपज पहले किसे भेंट करते थे -
क- गरीबों को ख- साधुओं को
ग-कबीरपंथी मठ को घ- अपने संबंधियों को।

प्रश्न -5- बाल गोविंद भगत की विशेषता नहीं है-
क वे कभी झूठ नहीं बोलते। ख सबसे खरा व्यवहार रखते थे।
ग किसी से बिना बात झगड़ा मोल नहीं लेते थे। घ वह बहुत स्वार्थी थे।

प्रश्न -2 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के अनुसार सही विकल्प का चयन कीजिए- 1×5=5

विकल विकल,उंमन थे उंमन
विश्व के निदाघ के सकल जन ,
आए अज्ञात दिशा से अनंत के घन
तप्त धरा ,जल से फिर
शीतल कर दो-
बादल गरजो !

प्रश्न 1- विकल और उंमन कौन था-
क- विश्व के सभी ख चातक पक्षी
ग किसान घ खेतों में काम करती स्त्रियों।

प्रश्न 2- अज्ञात दिशा से किसका आगमन हुआ-
क वसंत का ख बादलों का ग वर्षा का घ पक्षियों का

प्रश्न 3- बादलों को अनंत के घन क्यों कहा गया है-
क बादल असंख्य होते हैं ख वे विभिन्न रूप रंग के होते हैं
ग बादलों का कोई ओर -छोर और निश्चित दिशा नहीं होती। घ बादल अनंत ईश्वर की उत्पत्ति है

प्रश्न -4- बादलों से क्या प्रार्थना की गई है-
क तपती हुई धरा को जल से शीतल करने की ख पेड़ पौधों को हरा-भरा करने की
ग घनघोर वर्षा करने की घ नवजीवन प्रदान करने की।

प्रश्न -5- काव्यांश में जल का प्रतीकात्मक भाव क्या है-
क क्रांति व पौरुष का भाव ख सुख शांति का
ग नाद-सौंदर्य का भाव घ विश्व बंधुत्व का भाव ।

प्रश्न -3- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 1×3=3
क- कैप्टन कौन था? ख- नेताजी का चश्मा कहानी किसके बारे में है?
ग- नेताजी की मूर्ति किससे बनी थी?

प्रश्न -4- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -2×5=10
क बाल गोविंद भगत के किन गुणों के कारण लोगों को कुतूहल होता था।

ख नावाब  साहब ने लेखक की संगति के लिए उत्साह क्यों नहीं दिखाई?
ग एक कहानी यह भी में लेखिका के पिता ने रसोई घर को भटियार खाना कहकर क्यों संबोधित किया है?
प्रश्न 5- निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर लिखिए 2×2=4
क- गोपियों ने उद्धव की तुलना किससे की और क्यों ?
ख-गोपियों के अनुसार राजधर्म क्या होना चाहिए?
प्रश्न -6-निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए  1+1+1= 3
क गाधिसूनु किसे कहा गया है ?
ख  परशुराम के क्रोध करने का मूल कारण स्पष्ट कीजिए-
ग। परशुराम की दो विशेषताएं लिखिए
प्रश्न- 7- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए 2×3=6
क  आत्मकथा कविता में थका हुआ पथिक कौन है ।
ख। कवि ने बादलों को क्या किया कहा है
ग  कवि को बच्चों की मुस्कान कैसी लगी?
प्रश्न 8- निम्नलिखित प्रश्न के उत्तर लिखिए 1×4=4
क। माता का आंचल पाठ में भोलानाथ अपने साथियों को देखकर शिक्षक ना क्यों भूल जाता है?
अथवा
बच्चे माता-पिता के प्रति अपने प्रेम को कैसे अभिव्यक्त करते हैं?
प्रश्न 9-. सुशीला गारमेंट्स लिमिटेड को सहायक प्रबंधक की आवश्यकता है उक्त पद हेतु आवेदन पत्र प्रेषित करते हुए स्वावृत लेखन कीजिए ।
अथवा
उमंग नाम से लड़कियों के एक एनजीओ का विज्ञापन तैयार कीजिए -4